**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL ,DAMMAM**
**SUMMATIVE ASSESSMENT II (2013-14)**

CLASS VII — MAX.MARKS

SUBJECT:HINDI — TIME:3 HRS.

StudentBounty.com

## SET B

सामान्य निर्देश -

१. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं, खंड 'क' और 'ख'।

२. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

३. कुल प्रश्न २० हैं।

"खंड क"

प्र.१. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए- 5m

माधवदास ने अपनी संगमरमर की नयी कोठी बनवाई है। उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा भी लगवाया है। उनको कला से बहुत प्रेम है। धन की कमी नहीं है और कोई व्यसन छू नहीं गया है। सुंदर अभिरुचि के आदमी हैं। फूल-पौधे, रकाबियों से हौज़ों में लगे फव्वारों में उछलता हुआ पानी उन्हें बहुत अच्छा लगता है। शाम को जब दिन की गरमी ढल जाती है तब कोठी के बाहर चबूतरे पर तख्त डलवाकर मसनद के सहारे वह गलीचे पर बैठते हैं।

१.माधवदास ने कैसी कोठी बनवाई थी ?

क) संगमरमर की (ख)सोने की (ग) पत्थर की

२.माधवदास को किससे प्रेम था?

क)नृत्य (ख) कला (ग) लोगों

३.माधवदास कैसी अभिरुचि के आदमी थे?

क) सुंदर (ख) असुंदर (ग) साधारण

४. माधवदास ने कोठी के सामने कैसा बगीचा लगवाया था?

क) डरावना (ख) सुहावना (ग) अच्छा

५. माधवदास के पास किस चीज़ की कमी नहीं थी?

क) धन की (ख) वैभव की (ग) नौकरों की

प्र.२. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए- 5m

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

१. कवि कहाँ खड़ा था?

क) मुंडेरे (ख) छत (ग) बगीचा

२. कवि की आँख में क्या आ पड़ा ?

क) लकड़ी (ख) तिनका (ग) घास

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

३. कवि की आँख कैसी होकर दुखने लगी?

क) लाल (ख)सफेद (ग) पीली

४. ऐंठ बेचारी कैसे भागी थी?

क) उल्टे पाँवों (ख) दबे पाँवों (ग) सीधे पाँवों

५. इस कविता के कवि का नाम क्या है?

क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) भवानीप्रसाद मिश्र (ग) रहीम

प्र.३. निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए- 5m

हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हम सभी हिंदी भाषा बोलने वालों का यह कर्तव्य है कि हिंदी भाषा में राष्ट्रभाषा होने की अधिक-से-अधिक योग्यता पैदा की जाए । राष्ट्रभाषा से अभिप्राय है राष्ट्र की भाषा। उत्तर से दक्षिण तक सभी जगहों पर संपर्क भाषा के रूप में इसका प्रयोग होता है। कोई भी भाषा दूसरी भाषा के संपर्क से स्वयं को बिना छूए नहीं रह सकती। हिंदी ने उर्दू, फारसी, अरबी, अंग्रेज़ी सभी को अपनाया है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को स्वीकार करके ही देश की एकता को बल मिलेगा ।

१. राष्ट्रभाषा से क्या अभिप्राय है ?

क) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा (ख) राज की भाषा (ग) राष्ट्र की भाषा

२. हिंदी को किस भाषा के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए ?

क) राष्ट्रभाषा के रूप में (ख) विदेशी भाषा के रूप में (ग) मातृभाषा के रूप में

३. उत्तर से दक्षिण तक सभी जगहों पर सम्पर्क भाषा के रूप में किस भाषा का प्रयोग होता है ?

क) हिंदी (ख) अंग्रेज़ी (ग) संस्कृत

४. हिंदी भाषा को स्वीकार करने से किसको बल मिलेगा ?

क) देश की एकता को (ख) विदेश की एकता को (ग) राज्य की एकता को

५. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?

क) हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा (ख) हमारी मातृभाषा (ग) हिंदी का महत्त्व ।

प्र.४. पाँच दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5m

प्र.५. 'अनुशासन का महत्त्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5m

प्र.६. निम्न वाक्यों को निर्देशानुसार पूरा कीजिए- 1/2x10=5m

क) चिड़िया ---------की डाली पर आन बैठी थी?(पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरो)

ख) मेरे दो बच्चे हैं, एक पुत्र और एक------। (रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग लिखो)

ग) कक्षा में सभी को राम प्रिय है परन्तु राहुल------है। (रेखांकित शब्द का विलोम लिखो)

घ) रोहन को ग्रीष्म ऋतु पसंद है जबकि सोहन को सभी--------पसंद हैं।
( रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखो )

ङ) हाथ का पर्यायवाची शब्द----- है। (खाली स्थान में दो पर्यायवाची शब्द लिखिए)

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

च) सही जोड़े बनाओ-----

| A | B |
|---|---|
| क) शाम | १) नीलकंठ |
| ख)चिड़िया | २) मिठाईवाला |
| ग) मोर | ३) किसान |
| घ) रोहिणी | ४) मनमानी |

प्र.७. निम्न शब्दों में से किन्हीं चार के पर्यायवाची शब्द लिखिए- 4m

(क) शरीर (ख) तट (ग) सोना (घ) चतुर (ङ) संसार

प्र.८. निम्न वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों के रेखांकित शब्दों के कारक के भेद लिखिए- 3m

(क) मैंने कविता लिखी ।

(ख) अरे बच्चों ! इधर आओ ।

(ग) बच्चा घोड़े से गिर पड़ा ।

(घ) पिताजी अहमद के लिए साइकिल लाए ।

प्र.९. निम्न वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध कीजिए- 3m

(क) मिठाईवाला आती है ।

(ख) मैंने बड़ों की मदद करनी चाहिए ।

(ग) क्या तुम खाना खाया है ?

(घ) माता जी बाज़ार जाता हैं ।

प्र.१०. निम्न शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों को शुध्द कीजिए- 3m

(क) प्रफुल्लीत (ख) सवभाव (ग) सुचना (ध) व्रद्धा

प्र.११. निम्न शब्दों में से किन्हीं तीन के विलोम शब्द लिखिए- 3m

(क) कोमल (ख) स्वतंत्रता (ग) गहरा (घ) जड़

प्र.१२.निम्न किन्हीं तीन वाक्यांशों के लिए एक -एक शब्द लिखिए — 3m

(क) जिसकी उपमा न दी जा सके । (ख) जो आँखों के सामने हो ।

(ग) बहुत दूर की देखने वाला । (घ) रात में घूमने वाला ।

प्र.१३. निम्न शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों के लिंग बदलिए- 3m

क) शिष्य (ख) गुड्डा (ग) विद्वान (घ) स्वामी

प्र.१४. निम्न शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों के बहुवचन लिखिए 3m

क) केला (ख) पुस्तक (ग)विद्यार्थी (घ) हम

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

## खंड 'ख'

प्र.१५. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ---- 4x1=4m

१. वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था?

or

२. माधवदास के बार -बार समझाने पर भी चिड़िया सोने के पिंजरे और सुख- सुविधाओं को कोई महत्त्व नहीं दे रही थी। दूसरी तरफ़ माधवदास की नज़र में चिड़िया की ज़िद का कोई तुक न था। माधवदास और चिड़िया के मनोभावों के अंतर क्या - क्या थे? लिखिए।

प्र.१६. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 3x3 = 9m

१. मिठाईवाला अलग - अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

२. किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था?

३. दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं, फिर हँसते हैं। कारण बताइए।

४. जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ?

प्र.१७. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x4 =8m

१. कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है?

२. मोर - मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

३. खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

४. कविता में किसान किसे कहा गया है और किसके बोलने पर दृश्य बदल जाता है?

५. 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' - कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा?

६. बहती नदी को कवि ने क्या कहा है? पलाश के फूल कैसे दिखाई दे रहे हैं?



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

प्र.१८. निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखिए--- 1x6

१. 'शाम एक किसान' कविता के कवि का नाम क्या है?
२. मिठाईवाला कैसा साफ़ा बाँधता था?
३. कंचे का सबसे अच्छा खिलाड़ी कौन था?
४. चिलम की आग किसे कहा गया है?
५. राय विजयबहादुर क्या पढ़ रहे थे?
६. 'नीलकंठ' पाठ में लेखिका ने मोर और मोरनी के बच्चे को कितने रुपये में खरीदा था?
७. चिड़िया के पंख कैसे थे ?
८. 'नीलकंठ' पाठ में बिल्ली का नाम क्या है?

प्र.१९. निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के वाक्य बनाइए--- 4m

क) तृप्ति ख) समाधान ग) विश्वास घ) अनुसरण ङ) सबक।

प्र.२०. निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखिए-- 4m

क) पक्षी- शावक ख) तृष्णा ग) पुलकित घ) स्पर्श ङ) संकीर्ण।

- समाप्त-

StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers